# दि मॉर्निंग मिनट्स

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र



गौतमबुद्धनगर, बुधवार 12 मार्च 2025

वर्ष: 11, अंक: 40 मूल्य 2 रुपये, पृष्ठ-08


# एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ.विवेक गौतम ने किया काव्यपाठ

**संवाददाता**

नई दिल्ली । साहित्य अकादेमी,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक समारोह में 'कावेरी सभागार' में बहुभाषी कविता पाठ में प्रतिष्ठित कवि एवं शिक्षाविद् डॉ.विवेक गौतम ने हिंदी कवि के रूप में अपनी 'जब दीवारें लिखती हैं', 'छत', 'गाँव नहीं दौड़े थे' तथा 'संपन्नता' जैसी सशक्त और प्रभावशाली कविताओं का पाठ किया।



इस भव्य समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध तेलुगू कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार ए.कृष्ण राव ने की । इस अवसर पर कन्नड़, नेपाली, उड़िया, उर्दू एवं हिंदी के दो अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया। समारोह में सुप्रसिद्ध साहित्यकार ज्योतिष जोशी, विभा बिष्ट, उषा कुमारी,अभय जैन, प्रेम मिश्र अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे।